रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-06112026-277716
CG-DL-E-06112026-277716

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 659] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, नवम्बर 5, 2026/कार्तिक 14, 1948
No. 659] NEW DELHI, THURSDAY, NOVEMBER 5, 2026/KARTIKA 14, 1948

भारतीय मानक ब्यूरो

(उपभोक्ता मामले विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 नवम्बर, 2026

फा. सं. बीएस/ XI / 08/ 03/2026-27.— भारतीय मानक ब्यूरो, भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 (2016 का 11) की धारा 39 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारतीय मानक ब्यूरो (प्रशासन, वित्त और अन्य पदों पर भर्ती) विनियम, 2020 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है अथवा करने का लोप किया गया है, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से, प्रशासन एवं वित्त के पदों पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.** – (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय मानक ब्यूरो (प्रशासन, वित्त और अन्य पदों पर भर्ती) विनियम, 2026 है।

(2) ये विनियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.** – (1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो –

(क) "अधिनियम" से भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 (2016 का 11) अभिप्रेत है;

(ख) "प्रशासन, वित्त और अन्य पदों" से इन विनियमों में संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट पद अभिप्रेत हैं;

(ग) "नियुक्ति प्राधिकारी" से महानिदेशक और उपमहानिदेशक (प्रशासन) अभिप्रेत हैं;

(घ) "नियम" से भारतीय मानक ब्यूरो नियम, 2018 अभिप्रेत हैं;

(ङ) "अनुसूची" से इन विनियमों में संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(च) "छानबीन समिति" से विनियम 5 के उप-विनियम (1) के खंड (v) के उप-खंड (क) के अधीन गठित समिति अभिप्रेत है;

(छ) "चयन समिति" से विनियम 8 के अधीन गठित समिति अभिप्रेत है;

(ज) **"सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना"** से भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की ऐसी पहल अभिप्रेत है, जिसके अधीन सरकारी भर्ती अभिकरणों जैसे संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, भारतीय नौसेना और कर्मचारी चयन आयोग आदि द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में **अनुशंसित न किए गए इच्छुक अभ्यर्थियों** (ऐसे अभ्यर्थी, जो लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होते हैं, किंतु साक्षात्कार के बाद अनुशंसित नहीं किए जाते हैं) के **अंकों को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध** कराया जाता है।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इन विनियमों मे प्रयुक्त हैं, किन्तु परिभाषित नहीं किए गए हैं, परंतु अधिनियम या नियमों में परिभाषित हैं; वही अर्थ लागू होंगे, जो अधिनियम और नियमों में उनके लिए क्रमशः दिए गए हैं।

3. भर्ती की पद्धति. – पदों की संख्या, वेतन मेट्रिक्स में स्तर, भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो अनुसूची के स्तम्भ (2) से (10) में विनिर्दिष्ट हैं।

परंतु प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा, पदावधि और प्रतिनियुक्ति भत्ता केन्द्रीय सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार होंगे।

4. सीधी भर्ती. – (1) जहां अनुसूची के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट किसी भी पद को सीधी भर्ती द्वारा भरा जाना अपेक्षित है, वहाँ निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा, अर्थात्: -

(क) भर्ती की पद्धतियों हेतु प्राथमिकता का क्रम. – **इन विनियमों के अधीन पदों पर भर्ती निम्नलिखित प्राथमिकता क्रम के अनुसार की जाएगी;**

(क) **प्रथम प्राथमिकता. – सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना:** खंड (iii) में यथानिहित सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के माध्यम से पदों को भरने को प्रथम वरीयता दी जाएगी।

(ख) **द्वितीय प्राथमिकता.** – अन्य पद्धतियाँ (प्रतियोगी परीक्षा या विभागीय भर्ती): खंड (iv) में यथानिहित खुली प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से अथवा खंड (v) में यथानिहित विभागीय छानबीन और चयन समिति की प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती केवल तभी की जाएगी, जब सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना लागू न हो या उपलब्ध न हो।

परंतु यह कि यदि सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के माध्यम से रिक्तियाँ रिक्त रह जाती हैं, तो समूह 'ख' और समूह 'ग' के पदों के मामले में महानिदेशक के अनुमोदन से तथा समूह 'क' के पदों के मामले में कार्यकारी समिति के अनुमोदन से, अन्य पद्धतियों (प्रतियोगी परीक्षा या विभागीय भर्ती) के माध्यम से ऐसी रिक्तियाँ भरी जा सकती हैं।

(i) **रिक्तियों का विज्ञापन. –** रिक्तियों का विज्ञापन इम्प्लॉइमन्ट न्यूज, रोज़गार समाचार, अग्रणी समाचार-पत्रों तथा ब्यूरो की आधिकारिक वेबसाइट पर दिया जाएगा जिसमें, अन्य जानकारी के साथ, निम्नलिखित विवरण शामिल होंगे:

(क) उपलब्ध रिक्तियों की संख्या;

(ख) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांगजनों, भूतपूर्व सैनिकों और केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर यथाअधिसूचित व्यक्तियों की अन्य विशेष श्रेणियों के लिए आरक्षण संबंधी विवरण;

(ग) विहित शैक्षणिक अर्हताएँ, अनुभव और आयु-सीमा; और

(घ) पात्रता की ऐसी अन्य शर्तें, जो विहित की जाएँ।

(ii) पात्रता संबंधी मानदंड. – किसी पद के लिए कोई अभ्यर्थी तभी पात्र होगा, जब वह निर्धारित अर्हताएँ और अनुभव रखता हो तथा निर्धारित आयु-सीमा, निम्नलिखित शिथिलताओं के अधीन आता हो:

परंतु यह कि ऊपरी आयु-सीमा में ब्यूरो के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा ऐसे अन्य वर्गों के व्यक्तियों के पक्ष में शिथिलता दी जा सकती है, जिन्हें केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया जाए, और ऐसी शिथिलता प्रत्येक वर्ग के लिए विनिर्दिष्ट सीमा तक तथा विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन होगी;

परंतु यह भी कि विभागीय अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु-सीमा में उन पदों के मामले में, जिनके लिए निर्धारित आयु-सीमा पचास वर्ष से कम है, पचास वर्ष की आयु तक तथा उन पदों के मामले में, जिनके लिए निर्धारित आयु-सीमा पचास वर्ष या उससे अधिक है, पाँच वर्ष तक की शिथिलता दी जा सकती है।

(iii) सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के माध्यम से चयन. – सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के माध्यम से भरे जाने वाले पदों के मामले में निम्नलिखित प्रक्रिया लागू होगी:

(क) समूह 'क' के पद: सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के अधीन यथा-संशोधित एवं आयोजित नवीनतम परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंतिम अंकों—जिसमें मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार अथवा व्यक्तित्व परीक्षण के अंक सम्मिलित हैं—को पचासी प्रतिशत (85%) भारांक दिया जाएगा, तथा चयन समिति द्वारा आयोजित व्यक्तिगत साक्षात्कार को पंद्रह प्रतिशत (15%) भारांक दिया जाएगा। ऐसे साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या विज्ञापित रिक्तियों की संख्या के छह गुना से अधिक नहीं होगी।

(ख) समूह 'ख' व समूह 'ग' के पद: अभ्यर्थियों का चयन सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के अधीन एवं यथा-संशोधित, आयोजित नवीनतम परीक्षा में प्राप्त अंतिम अंकों के आधार पर किया जाएगा, जिसमें, मुख्य परीक्षा तथा यथाप्रयोज्य साक्षात्कार अथवा व्यक्तित्व परीक्षण अथवा कौशल परीक्षण के अंक सम्मिलित होंगे।

परंतु यह कि समूह 'ख' और समूह 'ग' के पदों के लिए चयन ब्यूरो द्वारा बिना किसी साक्षात्कार के किया जाएगा।

परंतु यह भी कि सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के माध्यम से आशुलिपिक संवर्ग के पदों पर भर्ती के मामले में, जहाँ उक्त योजना के अधीन आयोजित परीक्षा में चयन प्रक्रिया के भाग के रूप में आशुलिपि और उससे संबंधित आशुलिपिकीय कौशल का पहले ही परीक्षण किया जा चुका है, वहाँ आशुलिपिक संवर्ग के लिए अनुसूची में निर्धारित आशुलिपिकीय कौशल हेतु अलग से कौशल परीक्षण आयोजित करना आवश्यक नहीं होगा; और ऐसे मामलों में, चयन सूची तैयार करने के लिए मेरिट सूची उस परीक्षा के केवल लिखित परीक्षा भाग में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी, बशर्ते कि उन्होंने उक्त परीक्षा के भाग के रूप में आयोजित कौशल परीक्षण में अर्हता प्राप्त की हो।

(ग) सुसंगत परीक्षा का निर्धारण. – सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के अधीन जिस परीक्षा के माध्यम से भर्ती की जानी है, उसका निर्धारण समूह 'ख' और समूह 'ग' के पदों के मामले में महानिदेशक द्वारा तथा समूह 'क' के पदों के मामले में कार्यकारी समिति द्वारा किया जाएगा।

स्पष्टीकरण. – इस खंड के प्रयोजनों के लिए, वे पद जिनके वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर 10 और उससे ऊपर है, केन्द्रीय सरकार के समूह 'क' के पदों के समकक्ष होंगे, वे पद जिनके वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर 6 से 9 तक है, केन्द्रीय सरकार के समूह 'ख' के पदों के समकक्ष होंगे और वे पद जिनके वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर 1 से 5 तक है, केन्द्रीय सरकार के समूह 'ग' के पदों के समकक्ष होंगे।

(iv) चयन प्रक्रिया. – प्रतियोगी परीक्षा; प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के मामले में निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी:

(क) लिखित या ऑनलाइन परीक्षा; लिखित या ऑनलाइन परीक्षा, जिसमें आशुलिपि, टंकण तथा अनुसूची में यथाप्रयोज्य अन्य प्रयोगात्मक परीक्षण शामिल होंगे, ब्यूरो द्वारा विभागीय रूप से अथवा किसी व्यावसायिक संस्था या अभिकरण के माध्यम से, महानिदेशक द्वारा निर्धारित तारीखों और स्थानों पर आयोजित की जाएगी।

(ख) समूह 'क' के पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन लिखित या ऑनलाइन परीक्षा को पचासी प्रतिशत (85%) भारांक तथा चयन समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले व्यक्तिगत साक्षात्कार को पंद्रह प्रतिशत (15%) भारांक देकर किया जाएगा। साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या विज्ञापित रिक्तियों की संख्या के छह गुना से अधिक नहीं होगी और वे उन अभ्यर्थियों में से मेरिट के क्रम में होंगे, जिन्होंने लिखित या ऑनलाइन परीक्षा में कम से कम पचास प्रतिशत (50%) अंक प्राप्त किए हों।

परंतु यह कि समूह 'ख' और समूह 'ग' के पदों के लिए चयन बिना किसी साक्षात्कार के किया जाएगा।

(ग) समूह 'ख' और समूह 'ग' के पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन लिखित या ऑनलाइन परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर निर्धारित मेरिट के अनुसार किया जाएगा, परंतु यह तब जब कि वे अनुसूची में विनिर्दिष्ट निर्धारित कौशल परीक्षण, अर्थात् आशुलिपि परीक्षण, टंकण गति परीक्षण, ट्रेड परीक्षण अथवा इनके संयोजन के किसी परीक्षण में अर्हता प्राप्त करें। ऐसे कौशल परीक्षण केवल अर्हता-प्रकृति के होंगे। कौशल परीक्षण के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या विज्ञापित रिक्तियों की संख्या के छह गुना से अधिक नहीं होगी और वे उन अभ्यर्थियों में से मेरिट के क्रम में होंगे, जिन्होंने लिखित या ऑनलाइन परीक्षा में कुल मिलाकर कम से कम पचास प्रतिशत (50%) अंक प्राप्त किए हों।

(v) छानबीन और चयन समिति द्वारा चयन. – उपर्युक्त खंड (iv) में निर्धारित सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना तथा प्रतियोगी परीक्षा से भिन्न किसी अन्य पद्धति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के मामले में निम्नलिखित प्रक्रिया लागू होगी:

(क) छानबीन समिति. – प्राप्त आवेदनों की छानबीन एक छानबीन समिति द्वारा की जाएगी, जिसमें ब्यूरो के कम से कम उप निदेशक पद के न्यूनतम तीन अधिकारी होंगे जिनमें से वरिष्ठतम अधिकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा एवं समिति के सदस्यों को महानिदेशक द्वारा नामित किया जाएगा।

परंतु यह कि छानबीन समिति का कम से कम एक सदस्य उस पद से उच्चतर पद वाला होगा, जिस पद के लिए चयन किया जा रहा है।

(ख) चयन समिति. – छानबीन समिति द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को अंतिम विचार एवं चयन के लिए चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

(vi) आरक्षित श्रेणियों के लिए शिथिलीकरण. – जहाँ अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिकों अथवा व्यक्तियों की अन्य विशेष श्रेणियों के लिए आरक्षित पद खंड (iv) के अधीन निर्धारित मानदंडों के आधार पर रिक्त रह जाते हैं, वहाँ ऐसी श्रेणियों से संबंधित अभ्यर्थियों का चयन केंद्रीय सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार शिथिलीकरण प्रदान करके किया जा सकेगा, ताकि आरक्षित कोटे की कमी को पूरा किया जा सके, परंतु यह तब जबकि ऐसे अभ्यर्थी संबंधित पद पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त हों।

(vii) प्रतीक्षा सूची. – सफल अभ्यर्थियों की चयन सूची के अतिरिक्त, बाद में उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को भरने के लिए, योग्यता के क्रम में एक प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी। ऐसी प्रतीक्षा सूची उसके तैयार किए जाने की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक वैध रहेगी।

परंतु प्रतीक्षा सूची में अभ्यर्थियों की संख्या विज्ञापित पदों की संख्या से अधिक नहीं होगी।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त अभ्यर्थी भारतीय मानक ब्यूरो (कर्मचारियों की सेवा निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2020 के उपबंधों के अनुसार दो वर्षों की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे, ऐसी अवधि के दौरान उन्हें ऐसा प्रशिक्षण लेना आवश्यक होगा या उन्हें ऐसे दायित्व दिए जा सकते हैं जैसा नियुक्ति प्राधिकारी आवश्यक समझे अथवा विभागीय परीक्षा या परिवीक्षा की अवधि को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी:

परंतु प्रशिक्षण का मॉड्यूल, दिए जाने वाले दायित्व, और परिवीक्षा की अवधि को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए उत्तीर्ण की जाने वाली विभागीय परीक्षा वही होगी जिसकी समय-समय पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सिफारिश की गई हो और जिसे महानिदेशक द्वारा अनुमोदित किया गया हो।

परंतु यह और कि जहाँ महानिदेशक नियुक्ति प्राधिकारी हो, वहाँ कार्यकारी समिति का अनुमोदन अभिप्राप्त करना होगा।

5. प्रतिनियुक्ति. – (1) जहाँ अनुसूची के स्तंभ (2) में विनिर्दिष्ट किसी पद को प्रतिनियुक्ति द्वारा भरा जाना है वहाँ ऐसे पदों को भरने के लिए पदों की संख्या, विहित अर्हताएँ, आयु-सीमा, विशिष्ट विशेषज्ञता, यदि कोई अपेक्षित हो, और ऐसे अनुभव जो अनुसूची में विनिर्दिष्ट तथा अन्य विषय जो आवश्यक हो, के बारे में पूरी जानकारी देते हुए कम से कम दो अग्रणी समाचार पत्रों में और ब्यूरो की वेबसाइट पर भी विज्ञापित की जाएगीः

परन्तु यह कि प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगीः

परन्तु यह और कि ऐसी प्रतिनियुक्ति साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी और प्रतिनियुक्ति की अधिकतम अवधि पाँच वर्ष की होगी:

(2) ऐसे अभ्यर्थियों को, जो विनिर्दिष्ट अपेक्षाएँ पूरी करते हैं और विनियम 4 के उप-विनियम (1) के खंड (v) के उप-खंड (क) के अधीन गठित छानबीन समिति द्वारा चयन हेतु सूचीबद्ध हैं, चयन समिति द्वारा चयन के लिए बुलाया जाएगा।

6. प्रोन्नति. – (1) प्रोन्नति के प्रयोजन के लिए -

(i) अनुसूची के स्तंभ (5) में यथाविनिर्दिष्ट कोई पद या तो चयन पद होगा या अचयन पद;

(ii) किसी चयन पद पर प्रोन्नति वरिष्ठता का सम्यक ध्यान रखते हुए की जाएगी और कार्यकारी समिति द्वारा समय समय पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समुचित चयन समिति सेवा अभिलेख, जिसके अधीन वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट भी है को ध्यान में रखते हुए प्रोन्नति के लिए विचार क्षेत्र के भीतर आने वाले पात्र कर्मचारियों की उपयुक्तता का निर्धारण करेगी और उस क्रम की अनुशंसा करेगी, जिसमे प्रोन्नतियां दी जा सकेंगी;

(iii) अचयन पद पर प्रोन्नति, अयोग्य पाए जाने वाले अभ्यर्थियों को छोड़कर, वरिष्ठता के आधार पर की जाएगी जो समुचित चयन समिति द्वारा सेवा अभिलेख, जिसके अधीन वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट भी है, से अवधारित की जाएगी;

(2) कर्मचारी संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन योजना, जो केंद्रीय सरकार द्वारा समय समय पर अधिकथित दिशा-निर्देशों के अनुसार केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए अनुज्ञेय हो, के अधीन वित्तीय उन्नयन के अनुदान के लिए हकदार होंगे.

7. नियुक्ति प्राधिकारी. – (1) सभी पदों पर नियुक्ति विनियम 8 में दी गई चयन समिति की सिफारिशों पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जाएगी:

परन्तु उपमहानिदेशक के स्तर के सभी पदों पर नियुक्ति केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से की जाएगी।

परन्तु यह और कि प्रतिनियुक्ति आधार पर मुख्य सतर्कता अधिकारी के पद पर नियुक्ति, जिस के लिए केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन की आवश्यकता होगी, को चयन समिति को नहीं भेजा जाएगा;

8. चयन समिति की संरचना. – (1) वेतन मैट्रिक्स में स्तर-13 और उससे ऊपर के पदों के लिए चयन समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे: -

(i) महानिदेशक, समिति का अध्यक्ष होगा;

(ii) ब्यूरो पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने वाले मंत्रालय का वित्तीय सलाहकार;

(iii) ब्यूरो पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने वाले केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय अथवा विभाग का प्रतिनिधि;

(iv) महानिदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट कार्यकारी समिति के दो सदस्य; और

(v) महानिदेनक द्वारा नामनिर्दिष्ट ब्यूरो के एक या दो वरिष्ठ अधिकारी।

(2) वेतन मैट्रिक्स में स्तर-10 से स्तर-12 तक के पदों के लिए चयन समिति 'क' में निम्नलिखित सदस्य होंगे:-

(i) महानिदेशक, समिति का अध्यक्ष होगा;

(ii) उपमहानिदेशक (प्रशासन);

(iii) महानिदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट ब्यूरो का वैज्ञानिक 'जी' या वैज्ञानिक 'एफ';

(iv) ब्यूरो पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने वाले केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय अथवा विभाग का प्रतिनिधि; और

(v) महानिदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट ब्यूरो के एक या दो वरिष्ठ अधिकारी।

(3) उप-विनियम (1) और (2) में विनिर्दिष्ट पदों के अतिरिक्त पदों के लिए चयन समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे:

(i) उपमहानिदेशक (प्रशासन), समिति का अध्यक्ष होगा;

(ii) महानिदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट ब्यूरो में कार्मिक कार्य देखने वाला एक अधिकारी;

(iii) महानिदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट दो अन्य अधिकारी; और

(iv) ब्यूरो के कार्मिक कार्य देखने वाले सहायक निदेशक अथवा उप निदेशक।

(4) इन विनियमों के अधीन संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन योजना तथा अकृत्यिक श्रेणी के अधीन उन्नयन प्रदान करने के लिए मामलों पर विचार करने और सिफारिश करने के लिए छानबीन समिति की संरचना संबंधित चयन समिति के समान होगी;

(5) संबंधित चयन समितियों की सिफारिशों को महानिदेशक के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

परन्तु उपरोक्त उप-विनियम (2) और (3) में विनिर्दिष्ट चयन समिति में दो सदस्य अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग या अल्पसंख्यक समुदाय या महिला सदस्य होंगे।

9. पदों की श्रेणी और उनकी संस्वीकृत संख्या. – पदों की श्रेणी और उनकी संस्वीकृत संख्या वही होगी जो, समय-समय पर, कार्यकारी समिति द्वारा केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से अवधारित की गई हो।

10. शिथिल करने की शक्ति. – जहाँ ब्यूरो की राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां, उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाएं, किसी वर्ग या श्रेणी के व्यक्तियों के संबंध में, इन विनियमों के उपबंधों के किसी भी उपबंध को शिथिल किया जा सकता है:

परन्तु ऐसे शिथिलकरण को कार्यान्वित किए जाने से पूर्व केन्द्रीय सरकार से अनुमोदन लिया जाएगा।

11. व्यावृत्ति. – इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी किए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए आरक्षण, आयु सीमा में शिथिलकरण और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।

12. निर्वचन. – इन विनियमों के निर्वचन के संबंध में यदि कोई प्रश्न उठता है तो इसका विनिश्चय केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से ब्यूरो द्वारा किया जाएगा।

अनुसूची (प्रशासन, वित्त और अन्य पद संवर्ग)

(विनियम 3, 4, 5, और 6 देखें)

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन मैट्रिक्स में स्तर	चयन या अचयन पद	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अधिकतम आयु-सीमा	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं	भर्ती की पद्धति. सीधी भर्ती द्वारा या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	सीधे भरी किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षणिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	प्रोन्नति या स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण/आमेलन द्वारा नियुक्ति की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण/आमेलन किया जाना है
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
1.	उपमहानिदेशक (प्रशासन)	1	स्तर-13क (रू.131100-216600).	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित मास्टर ऑफ बिजनेस एड्मिनिस्ट्रैशन; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित दो वर्ष की अवधि का स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) कार्मिक प्रबंधन, सामान्य प्रशासन में कम से कम पंद्रह वर्षों का अनुभव जिसमें से कम से कम पाँच वर्षों का अनुभव केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या सांविधिक संस्था या स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या प्रतिष्ठित	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता।	**प्रोन्नति**: ऐसे सचिव/निदेशक (मानव संसाधन विकास)/निदेशक (प्रशासन)/निदेशक (सामान्य सेवाएं)/निदेशक (स्थापना)/निदेशक (प्रशिक्षण)/निदेशक (विधि) जिन्होनें चयन ग्रेड में दो वर्षों की नियमित सेवा की है: परंतु निदेशक (मुद्रण), निदेशक (विदेशी भाषा) और निदेशक (सूचना सेवाएं) का पदधारण करने वाले ऐसे पदधारी जिन्होंने राजपत्र में इन विनियमों की अधिसूचना की तारीख को चयन ग्रेड में दो वर्ष नियमित सेवा की है और जिनके पास स्तम्भ (7) के अधीन क्र. सं. (i) पर विहित शैक्षणिक अर्हताएं हैं, भी उप महानिदेशक (प्रशासन) के पद पर प्रोन्नति के लिए पत्र होंगे। **प्रतिनियुक्ति**: (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने

						सरकारी एजेंसी में वरिष्ठ पद पर हो।			वेतन मैट्रिक्स के स्तर-13 (रू.123100-215900) में दो वर्ष नियमित सेवा की है; और (ख) जिनके पास स्तम्भ (7) के क्रम सं (i) में सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित अर्हताएं हैं।
2.	उपमहानिदेशक (वित्त)	1	स्तर-13क (रू.131100-216600).	चयन पद	50 वर्ष	(i) चार्टर्ड अकाउन्टेंट या कॉस्ट एवं वर्क्स अकाउन्टेंट या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से वित्त में विशेषज्ञता के साथ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन; और (ii) वित्त प्रबंधन में कम से कम पंद्रह वर्ष का अनुभव जिसमें से वरिष्ठ पद पर केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या सांविधिक संस्था या स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या प्रतिष्ठित सरकारी अभिकरण में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव हो।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता।	**प्रोन्नति:-** ऐसे निदेशक (वित्त) या निदेशक (लेखा) जिन्होंने चयन ग्रेड में दो वर्ष नियमित सेवा की है: परन्तु निदेशक (मुद्रण), निदेशक (विदेशी भाषा) और निदेशक (सूचना सेवाएं) का पदधारण करने वाले ऐसे पदधारी जिन्होंने राजपत्र में इन विनियमों की अधिसूचना की तारीख को चयन ग्रेड में दो वर्ष नियमित सेवा की है और जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्र. सं. (i) पर की विहित शैक्षणिक अर्हताएं हैं भी उप महानिदेशक (वित्त) के पद पर प्रोन्नति के लिए पात्र होंगे। **प्रतिनियुक्ति**:- (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; या ऐसे पदधारी जो वेतन मैट्रिकस के स्तर-13 (रु. 123100-215900) में दो वर्ष नियमित सेवा की है; और (ख) जिनके पास स्तंभ (7) में क्रम सं. (i) में सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षणिक अर्हताएं हैं।
3.	निदेशक (चयन ग्रेड)	4*	स्तर-13 (रू.123100-215900).	चयन पद	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रोन्नति द्वारा	लागू नहीं होता	ऐसे सचिव/निदेशक (प्रशासन)/निदेशक (मानव संसाधन विकास) /निदेशक (सामान्य सेवाएं) / निदेशक (सतर्कता)/निदेशक (कॉरपोरेट कम्युनिकेशन)/निदेशक

									(स्थापना)/निदेशक (प्रशिक्षण)/निदेशक (लेखा)/ निदेशक (वित्त) निदेशक (विधि) जिन्होंने इन पदों पर पांच वर्ष नियमित सेवा की है: परंतु निदेशक (मुद्रण), निदेशक (विदेशी भाषा) और निदेशक (सूचना सेवाएं) का पदधारण करने वाले ऐसे पदधारी भी पात्र होंगे जिन्होंने इन पदों पर पांच वर्ष नियमित सेवा की है।
*चयन ग्रेड के पद अकृत्यिक होंगे।									
4.	मुख्य सतर्कता अधिकारी	1	स्तर-13 (रू.123100-215900).	चयन पद	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रतिनियुक्ति द्वारा	लागू नहीं होता	केन्द्रीय सरकार के ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं या ऐसे अधिकारी जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-12 (रु.78800-209200) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है। सतर्कता मामलों में अनुभव।
5.	सचिव	1	स्तर 12 – (रु 78800 – 209200)	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन अथवा श्रम और समाज कल्याण में स्नातकोत्तर डिग्री; अथवा किसी मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन अथवा श्रम और समाज कल्याण में स्नातकोत्तर डिप्लोमाः (ii) कार्मिक प्रबंधन के क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव जिसमें से पांच वर्ष का अनुभव	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु : नहीं शैक्षणिक अर्हताएं: स्तंभ (7) के अधीन क्रम. सं (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	**प्रोन्नति** : ऐसे उपमहानिदेशक (प्रशासन और वित्त) जिन्होनें इन विनियमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (रु.67700-208700) में पाँच वर्ष नियमित सेवा की है और जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं. (i) पर सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएँ हैं। **प्रतिनियुक्तिः** (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए है; या ऐसे अधिकारी जिन्होने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (रु. 67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है: और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम स.(i) में सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षणिक

						केन्द्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या कानूनी / स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी अभिकरण में वरिष्ठ पद पर हो।			अर्हताएँ हैं।
6.	निदेशक (वित्त)	1	स्तर-12 (रु 78800 – 209200)	चयन पद	50 वर्ष	(i)किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री: (ii) चार्टर्ड अकाउन्टेंट अथवा कॉस्ट एण्ड वर्क्स अकाउन्टेंट अथवा सबॉर्डिनेट अकांउट सर्विस अकाउन्टेंट अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त में विशेषज्ञता के साथ); और (iii) लेखा अथवा वित्त कार्य में दस वर्ष का अनुभव जिसमें से पांच वर्ष का अनुभव केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या सांविधिक संस्था या स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या प्रतिष्ठित सरकारी अभिकरण में वरिष्ठ पद पर हो।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु : नहीं शैक्षणिक अर्हताएं: स्तंभ (7) के अधीन क्रम. सं (i)और (ii) में उपदर्शित विस्तार तक	**प्रोन्नति:** ऐसे उपनिदेशक (प्रशासन एवं वित्त) जिन्होंने इन विनियमों के वेतन मैट्रिक्स में स्तर-11 (रु.67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है और जिनके पास (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री; (ii) चार्टर्ड अकाउन्टेंट/ कॉस्ट एण्ड वर्क्स अकाउन्टेंट/ सर्वोर्डिनेट अकांउट सर्विस अकाउन्टेंट / किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त में विशेषज्ञता के साथ) की अर्हताएँ है। **प्रतिनियुक्ति :-** (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं, अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (रु.67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है: और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं (i) व (ii) में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
7.	निदेशक (प्रशासन)	1	स्तर-12 (रु 78800 – 209200)	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि का मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक में विशेषज्ञता के	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु : नहीं शैक्षणिक अर्हताएं: स्तंभ (7) के अधीन क्रम.सं (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	**प्रोन्नति:** ऐसे उपनिदेशक (प्रशासन एवं वित्त) जिन्होंने इन विनियमों में वेतन मैट्रिक्स में स्तर-11 (रु.67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है: किसी मान्यता प्राप्त

						साथ); अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ स्नात्तकोत्तर डिग्री, अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) कार्यालय प्रबंधन, भंडार क्रय, सामान्य सेवाओं में दस वर्ष का अनुभव जिसमें से पांच वर्ष का अनुभव केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या सांविधिक संस्था या स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या प्रतिष्ठित सरकारी अभिकरण में वरिष्ठ पद पर हो जिसके साथ कार्यालय प्रबंधन, भंडार क्रय इत्यादि से संबंधित नियमों की पूरी जानकारी हो; स्टाफ कल्याण गतिविधियों और भवन रख-रखाव का अनुभव हो।			विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि का मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक में विशेषज्ञता के साथ); अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ स्नातकोत्तर डिग्री, अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। **प्रतिनियुक्तिः** (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स में स्तर-11 (रु.67700-208700) पांच वर्ष की नियमित सेवा की है; और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं(i)में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएँ हैं।
8.	निदेशक (विधि)	1	स्तर-12 (रु 78800 – 209200)	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विधि में स्नातक डिग्री और (ii) विधि के क्षेत्र में कम से कम दस वर्ष का अनुभव जिसमें से पांच वर्ष का अनुभव केंद्रीय सरकार / राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन / सांविधिक/ स्वायत्त निकाय /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में वरिष्ठ पद पर हो ।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु : नहीं शैक्षणिक अर्हताएं: स्तंभ (7) के अधीन क्रम. सं(i) पर उपदर्शित विस्तार तक	**प्रोन्नतिः** ऐसे उप निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) जिन्होंने इन विनियमों के वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (रु.67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है और जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक डिग्री है। **प्रतिनियुक्तिः** (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स के स्तर-11

									(रु.67700-208700) में पांच वर्ष नियमित सेवा की है; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने पे मैट्रिक्स के स्तर- 10 (रु.56100- 177500) में दस वर्ष नियमित सेवा की है; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 और स्तर-10 में दस वर्ष सम्मिलित रूप से नियमित सेवा की है; और (ख) ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन क्रम सं (i) में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
9.	निदेशक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) *	1	स्तर-12 (रू.78800-209200).	चयन पद	i र्ष	(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (मार्केटिंग) अथवा जनसंचार में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा या सोशल वर्क में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) केन्द्रीय सरकार / राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन/ सांविधिक / स्वायत्त निकाय / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में मार्केटिंग / जनसंचार / सोशल वर्क के क्षेत्र में कम से कम 10 वर्षों का अनुभव हो, जिसमे से पाँच वर्षों का अनुभव वरिष्ठ पद पर हो।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	आयु : नहीं शैक्षणिक अर्हताएं: स्तम्भ (7) के अधीन क्रम सं (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	**प्रोन्नति**: ऐसे उपनिदेशक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन / प्रकाशन) जिन्होंने इन विनियमों के स्तर-11 (रू.67700-208700) में पाँच वर्षों की नियमित सेवा की है, जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (मार्केटिंग) अथवा जनसंचार में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा या सोशल वर्क में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा है। **प्रतिनियुक्ति**: : (क) ऐसे अधिकारी जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; अथवा ऐसे अधिकारी जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (रू.67700-208700) में पाँच वर्ष नियमित सेवा की है; (ख)ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तम्भ (7) के अधीन सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
* निदेशक (जन संपर्क) का पद वर्तमान पदधारी हेतु वैयक्तिक होगा। यह पद वर्तमान निदेशक (जन संपर्क) की सेवा-निवृत्ति/त्यागपत्र आदि पर सेवा की समाप्ति होने पर निदेशक **(**कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन**)** के रूप में पुनः पदाभिहित किया जाएगा।									
10.	निदेशक (सामान्य सेवाएं) -*	1	स्तर-12 (रु.78800-209200).	चयन पद	50 वर्ष	**(i)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर	**आयु : नहीं। शैक्षणिक** अर्हताएं:	**प्रोन्नति:** ऐसे उपनिदेशक **(प्रशासन एवं वित्त)** जिन्होंने इन विनियमों के

						परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से दो वर्ष की अवधि की मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक विशेषज्ञता सहित); अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित स्नातकोत्तर उपाधि**; अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से **कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा;** तथा **(ii)** कार्यालय प्रबंधन, भंडार क्रय तथा सामान्य सेवाओं में दस वर्ष का अनुभव, जिसमें से पाँच वर्ष का अनुभव केंद्रीय सरकार / राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन अथवा सांविधिक / स्वायत्त निकाय / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में वरिष्ठ पद पर होना चाहिए तथा कार्यालय प्रबंधन, भंडार क्रय आदि से संबंधित केंद्रीय सरकार के नियमों का गहनज्ञान होना चाहिए; साथ ही, कर्मचारी कल्याण संबंधी गतिविधियों एवं **भवन अनुरक्षण का अनुभव** होना चाहिए।	प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	स्तम्भ (7) के अधीन क्रम सं (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	वेतन स्तर-11 (₹67,700-2,08,700) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा की है, जिनके पास— (क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से दो वर्ष की अवधि की मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक विशेषज्ञता सहित) है; अथवा (ख) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित स्नातकोत्तर उपाधि** है; अथवा (ग) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से **कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा** है। **प्रतिनियुक्ति :** **(क)** ऐसे अधिकारी, जो नियमित आधार पर समतुल्य पदधारी हों; अथवा वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (₹67,700-2,08,700) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी; तथा **(ख)** ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तम्भ (7) के अधीन सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
* निदेशक (सूचना सेवाएं) का वर्तमान पद केवल वर्तमान पदधारी के लिए ही रहेगा। वर्तमान निदेशक (सूचना सेवाएं) की सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र आदि के कारण सेवा समाप्त होने पर इस पद को निदेशक (सामान्य सेवाएं) के रूप में पुनः पदाभिहित किया जाएगा।									
11.	निदेशक (प्रशिक्षण) *	1	स्तर-12 (Rs.78800-209200).	चयन पद	50 वर्ष	**(i)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से कार्मिक विशेषज्ञता सहित दो वर्ष की अवधि की मास्टर ऑफ बिजनेस	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	**आयु : नहीं। शैक्षणिक** अर्हताएं: स्तम्भ (7) के अधीन क्रम सं (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	**प्रोन्नति :** इन विनियमों में वेतन स्तर-11 (₹67,700-2,08,700) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले **उप निदेशक (प्रशासन एवं वित्त),** जिनके पास— (क) किसी मान्यता प्राप्त

						एडमिनिस्ट्रेशन **(एमबीए);** अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित स्नातकोत्तर उपाधि**; अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से **कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा;** तथा **(ii)** कार्मिक प्रबंधन के क्षेत्र में **दस वर्ष का अनुभव**, जिसमें से **पाँच वर्ष का अनुभव** केंद्रीय /राज्य /संघ राज्य क्षेत्र सरकार अथवा सांविधिक / स्वायत्त निकाय /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में **वरिष्ठ पद पर** होना चाहिए।			विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से दो वर्ष की अवधि की मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन **(**कार्मिक विशेषज्ञता सहित**)** है; अथवा (ख) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित स्नातकोत्तर उपाधि** है; अथवा (ग) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से **कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा** है। **प्रतिनियुक्ति :** **(क)** ऐसे अधिकारी, जो नियमित आधार पर समतुल्य पदधारी हों; अथवा वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (₹67,700-2,08,700) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी; तथा **(ख)** ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तम्भ (7) के अधीन सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
* निदेशक (प्रिंटिंग) का वर्तमान पद केवल वर्तमान पदधारी के लिए ही रहेगा। वर्तमान निदेशक (प्रिंटिंग) की सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र आदि के कारण सेवा समाप्त होने पर इस पद को निदेशक (प्रशिक्षण) के रूप में पुनः पदाभिहित किया जाएगा।									
12.	निदेशक (मानव संसाधन विकास)	1	स्तर-12 (रु.78800-209200).	चयन पद	50 वर्ष	**(i)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से कार्मिक विशेषज्ञता सहित दो वर्ष की अवधि की मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन **(एमबीए);** अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित**	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	**आयु : नहीं। शैक्षणिक** अर्हताएं: स्तम्भ (7) के अधीन क्रम सं (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	**प्रोन्नति:** इन विनियमों में वेतन स्तर-11 (₹67,700-2,08,700) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले **उप निदेशक (प्रशासन एवं वित्त),** जिनके पास— (क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से दो वर्ष की अवधि की मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन

						स्नातकोत्तर उपाधि; अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से **कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा;** तथा **(ii)** कार्मिक प्रबंधन के क्षेत्र में **दस वर्ष का अनुभव**, जिसमें से **पाँच वर्ष का अनुभव वरिष्ठ पद पर** केंद्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार अथवा सांविधिक / स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में होना चाहिए			**(**कार्मिक विशेषज्ञता सहित**)** है; अथवा (ख) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित स्नातकोत्तर उपाधि**; है अथवा (ग) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से **कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा** है। **प्रतिनियुक्ति :** **(क)** ऐसे अधिकारी, जो नियमित आधार पर समतुल्य पदधारी हों; अथवा वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (₹67,700-2,08,700) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी; तथा **(ख)** ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तम्भ (7) के अधीन सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
* निदेशक (विक्रय) का वर्तमान पद केवल वर्तमान पदधारी के लिए ही रहेगा। वर्तमान निदेशक (विक्रय) की सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र आदि के कारण सेवा समाप्त होने पर इस पद को निदेशक (मानव संसाधन विकास) के रूप में पुनः पदाभिहित किया जाएगा।									
13.	निदेशक (स्थापना)	1	स्तर-12 (रु.78800-209200).	चयन पद	50 वर्ष	**(i)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से कार्मिक विशेषज्ञता सहित दो वर्ष की अवधि की मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन **(एमबीए);** अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित स्नातकोत्तर उपाधि**; अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	**आयु : नहीं। शैक्षणिक** अर्हताएं: स्तम्भ (7) के अधीन क्रम सं (i) पर उपदर्शित विस्तार तक	**प्रोन्नति :** इन विनियमों में वेतन स्तर-11 (₹67,700-2,08,700) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले **उप निदेशक (प्रशासन एवं वित्त),** जिनके पास— किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से दो वर्ष की अवधि की मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन **(**कार्मिक विशेषज्ञता सहित**)** है; अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित**

						कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; तथा **(ii)** कार्मिक प्रबंधन क्षेत्र में **दस वर्ष का अनुभव**, जिसमें से **पाँच वर्ष का अनुभव** केंद्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार अथवा सांविधिक/स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में **वरिष्ठ पद पर** होना चाहिए।			**स्नातकोत्तर उपाधि** है; अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से **कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा** है। **प्रतिनियुक्ति :** **(क)** ऐसे अधिकारी, जो नियमित आधार पर समतुल्य पदधारी हों; अथवा वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (₹67,700-2,08,700) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी; तथा **(ख)** ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तम्भ (7) में क्रम संख्या **(i)** के अधीन सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
14.	निदेशक (लेखा)	1	स्तर-12 (Rs.78800-209200).	चयन पद	50 वर्ष	(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि; (ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से चार्टर्ड अकाउंटेंट अथवा कॉस्ट एंड वर्क्स अकाउंटेंट अथवा अधीनस्थ लेखा सेवा अकाउंटेंट अथवा मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त में विशेषज्ञता सहित); तथा **(iii)** लेखा संबंधी कार्यों में **दस वर्ष का अनुभव**, जिसमें से **पाँच वर्ष का अनुभव** केंद्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार अथवा सांविधिक/स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में **वरिष्ठ पद पर** होना चाहिए	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	**आयु : नहीं। शैक्षणिक अर्हताएं: स्तम्भ 7 में क्रम संख्या (i) एवं (ii) में** उपदर्शित विस्तार तक	**प्रोन्नति :** इन विनियमों में वेतन स्तर-11 (₹67,700-2,08,700) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले **उप निदेशक (प्रशासन एवं वित्त),** जिनके पास— किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से चार्टर्ड अकाउंटेंट / कॉस्ट अकाउंटेंट/अधीनस्थ लेखा सेवा अकाउंटेंट अथवा मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त में विशेषज्ञता सहित) है। **प्रतिनियुक्ति :** **(क)** ऐसे अधिकारी, जो नियमित आधार पर समतुल्य पदधारी हों; अथवा वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (₹67,700-2,08,700) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी; तथा **(ख)** स्तम्भ 7 में क्रम

									संख्या **(i)** एवं (ii) में सीधी भर्ती के लिए निर्धारित योग्यताएँ रखने वाले अधिकारी।
15.	निदेशक (सतर्कता) *	1	स्तर-12 (रु.78800-209200).	चयन पद	50 वर्ष	**(i)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से कार्मिक विशेषज्ञता सहित दो वर्ष की अवधि की मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन **(एमबीए);** अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित स्नातकोत्तर उपाधि**; अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से **कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा;** तथा **(ii)** कार्मिक प्रबंधन/सतर्कता **क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव**, जिसमें से **पाँच वर्ष का अनुभव** केंद्रीय /राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार अथवा सांविधिक / स्वायत्त निकाय /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में **वरिष्ठ पद पर** होना चाहिए।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	**आयु : नहीं। शैक्षणिक अर्हताएं: स्तम्भ 7 में क्रम संख्या (i) में** उपदर्शित विस्तार तक	**प्रोन्नति :** इन विनियमों में वेतन स्तर-11 (₹67,700-2,08,700) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले **उप निदेशक (प्रशासन एवं वित्त),** जिनके पास— (क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से दो वर्ष की अवधि की मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन **(**कार्मिक विशेषज्ञता सहित**)** है; अथवा (ख) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित स्नातकोत्तर उपाधि** है; अथवा (ग) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्थान से **कार्मिक प्रबंधन अथवा मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा** है। **प्रतिनियुक्ति :** **(क)** ऐसे अधिकारी, जो नियमित आधार पर समतुल्य पदधारी हों; अथवा वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (₹67,700-2,08,700) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी; तथा **(ख)** ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तम्भ (7) के अधीन क्रम संख्या **(i)** में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
* निदेशक (विदेशी भाषा) का वर्तमान पद केवल वर्तमान पदधारी के लिए ही रहेगा। वर्तमान निदेशक (विदेशी भाषा) की सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र आदि के कारण सेवा समाप्त होने पर इस पद को निदेशक (सतर्कता) के रूप में पुनः पदाभिहित किया जाएगा।									
16.	उपनिदेशक	2	स्तर-11	चयन	40 वर्ष	(i) किसी मान्यता प्राप्त	प्रोन्नति द्वारा	लागू नहीं	प्रोन्नति : इन विनियमों में

	(हिंदी)		(रु.67700-208700).	पद		विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समकक्ष, जिसमें स्नातक स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में पढ़ी हो; अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समकक्ष, जिसमें स्नातक स्तर पर हिंदी एक विषय के रूप में पढ़ी हो; अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समकक्ष, जिसमें स्नातक स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों विषय के रूप में पढ़ी हों; अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समकक्ष, जिसमें माध्यम अंग्रेजी / हिंदी हो तथा स्नातक स्तर पर हिंदी / अंग्रेजी एक विषय के रूप में पढ़ी हो; तथा (ii) हिंदी में पारिभाषिक कार्य और / या अंग्रेजी से हिंदी अथवा हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य का पाँच वर्ष का अनुभव, अधिमानतः तकनीकी अथवा वैज्ञानिक साहित्य संबंधी।	जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा		वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (₹56,100-1,77,500) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले सहायक निदेशक (हिंदी)। प्रतिनियुक्ति : (क) (i) ऐसे अधिकारी, जो नियमित आधार पर समतुल्य पदधारी हों; अथवा वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (₹56,100-1,77,500) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी; तथा **(ख)** ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तम्भ (7) के अधीन क्रम संख्या **(i)** में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं हैं।
17.	उपनिदेशक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन / प्रकाशन/ पुस्तकालय)	12	स्तर-11 (Rs.67700-208700).	चयन पद	40 वर्ष	उपनिदेशक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के लिए: (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (विपणन) अथवा जनसंचार में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा स्नातकोत्तर डिप्लोमा अथवा समाज कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा स्नातकोत्तर डिप्लोमा; तथा	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं	प्रोन्नति : इन विनियमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (₹56,100-1,77,500) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले सहायक निदेशक (कॉरपोरेट संचार/प्रकाशन/पुस्तकालय)। प्रतिनियुक्ति : (क) (i) ऐसे अधिकारी, जो नियमित आधार पर समतुल्य पदधारी हों;

						(ii) विपणन / जनसंचार / समाज कार्य के क्षेत्र में पाँच वर्ष का अनुभव, जिसमें से पाँच वर्ष का अनुभव केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/कानूनी /स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर के उपक्रम में वरिष्ठ पद पर होना चाहिए। <u>उपनिदेशक (प्रकाशन) के लिए:</u> (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान या कला में स्नातक उपाधि ;(ii) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से मुद्रण प्रौद्योगिकी/प्रकाशन में डिप्लोमा; तथा (iii) तकनीकी एवं वैज्ञानिक प्रकाशनों के किसी सुस्थापित प्रकाशन / मुद्रण प्रतिष्ठान में उत्तरदायी पद पर कम-से-कम पाँच वर्ष का अनुभव, जिसमें से पाँच वर्ष का अनुभव केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/कानूनी /स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर के उपक्रम में वरिष्ठ पद पर होना चाहिए। <u>उपनिदेशक (पुस्तकालय) के लिए:</u> (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री; या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) केन्द्रीय सरकार /राज्य सरकार /स्वायत्त निकाय /पब्लिक सैक्टर उपक्रम			अथवा वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (₹56,100-1,77,500) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी; तथा **(ख)** ऐसे अधिकारी जिनके पास स्तम्भ (7) के अधीन सीधी भर्ती के लिए संबंधित विषय में विहित अर्हताएं हैं।

						/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान के अधीन किसी पुस्तकालय मे कम से कम पाँच वर्ष का अनुभव । वांछनीय : कंप्यूटर अनुप्रयोगों में डिप्लोमा।			
18.	उपनिदेशक (प्रशासन एवं वित्त)	11	स्तर-11 (रु.67700-208700).	चयन पद	40 वर्ष	<u>उप निदेशक (प्रशासन) के लिए:</u> (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्था से दो वर्ष की अवधि की बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कार्मिक विशेषज्ञता सहित) मास्टर डिग्री; या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित संस्था से कार्मिक प्रबंधन/मानव संसाधन प्रबंधन में दो वर्ष की अवधि की स्नातकोत्तर डिग्री / स्नातकोत्तर डिप्लोमा; या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में डिग्री / विधि में स्नातक; और (ii) कार्मिक प्रबंधन के क्षेत्र में आठ वर्ष का अनुभव, जिसमें से पाँच वर्ष का अनुभव केन्द्रीय सरकार / राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र सरकार / कानूनी निकाय / स्वायत्त निकाय / पब्लिक सेक्टर उपक्रम में ज्येष्ठ पद पर होगा। <u>उपनिदेशक (वित्त विषय) के लिए:</u> (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री; (ii) चार्टर्ड अकाउंटेंट/ लागत और कार्य	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा ।	लागू नहीं होता ,	प्रोन्नति : इन विनियमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (₹56,100-1,77,500) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले सहायक निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) । प्रतिनियुक्ति : (क) ऐसे अधिकारी, जिन्होंने नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हों; या वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (₹56,100-1,77,500) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा तथा प्रशासन/वित्त के क्षेत्र में पांच वर्ष का अनुभव रखने वाले अधिकारी; और **(ख)** स्तम्भ 7 में सीधी भर्ती के लिए सुसंगत विषय में विहित अहर्ता वाले अधिकारी।

						लेखाकार /अधीनस्थ लेखा सेवा लेखाकार / बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री (वित्त विशेषज्ञता सहित) उपाधि; (iii) लेखा कार्य में आठ वर्ष का अनुभव, जिसमें से पांच वर्ष का अनुभव केन्द्रीय सरकार / राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र सरकार / कानूनी निकाय / स्वायत्त निकाय / पब्लिक सेक्टर उपक्रम में वरिष्ठ पद पर होना चाहिए।			
19.	सहायक निदेशक (हिंदी)	2	स्तर-10 (रु.56100-177500).	चयन पद	35 वर्ष	(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर डिग्री या समतुल्य, जिसमें डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में पढ़ी हो; या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर डिग्री या समतुल्य , जिसमें डिग्री स्तर पर हिंदी एक विषय के रूप में पढ़ी हो; या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री या समतुल्य , जिसमें डिग्री स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी विषय के रूप में पढ़ी हों; या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में मास्टर डिग्री या समतुल्य, जिसमें शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी/हिंदी हो तथा डिग्री स्तर पर हिंदी/अंग्रेजी विषय के रूप में पढ़ी हो; और (ii) केन्द्रीय सरकार / राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र सरकार / कानूनी निकाय / स्वायत्त निकाय / पब्लिक सेक्टर उपक्रम में हिंदी में पारिभाषिक	(i) 50% पद प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा (ii) 50% पद सीधी भर्ती द्वारा।	**आयु : नहीं। शैक्षणिक अर्हताएं: स्तम्भ 7 में क्रम संख्या (i) में उपदर्शित विस्तार तक।**	प्रोन्नति : (i) इन विनियमों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 (₹44900- 142400) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले ज्येष्ठ अनुवादक (हिंदी) या (ii) स्तम्भ 7 में दिए गए सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षणिक अहर्ताओं वाले अभ्यर्थी। प्रतिनियुक्ति : (क) (i) ऐसे अधिकारी, जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या वेतन मैट्रिक्स के स्तर-8 (₹47600-151100) में पाँच वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी; तथा **(ख)** स्तम्भ 7 के क्रम संख्या (i) में सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हता रखने वाले अधिकारी।

						कार्य और/या अंग्रेजी से हिंदी या हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य में तीन वर्ष का अनुभव।			
20.	सहायक निदेशक (कॉरपोरेट संचार/प्रकाशन/ पुस्तकालय)	2	स्तर-10 (रु.56100-177500).	लागू नहीं होता।	35 वर्ष	<u>सहायक निदेशक (कॉरपोरेट संचार)</u> के लिए : मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से पत्रकारिता एवं जनसंचार या मीडिया एवं विपणन संचार या मल्टीमीडिया एवं संचार या सामाजिक कार्य या विपणन में स्नातक डिग्री। वांछनीय: मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से बिज़नस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री (विपणन) या जनसंचार में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा या सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा। <u>सहायक निदेशक (प्रकाशन) के लिए:</u> किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान या कला में स्नातक डिग्री ; किसी मान्यता प्राप्त संस्था से मुद्रण प्रौद्योगिकी या प्रकाशन में डिप्लोमा; <u>सहायक निदेशक (पुस्तकालय) के लिए</u>: आवश्यक अर्हता: पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक उपाधि या पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक उपाधि। वांछनीय: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में मास्टर डिग्री या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर	सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

						डिप्लोमा।			
